Regarding expansion of Post Office Passport Seva Kendra (POP SK) at Dombivali, Maharashtra-laid

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): भारत सरकार द्वारा 2017 में मेरे लोक सभा क्षेत्र कल्याण के डोंबिवली में POPSK बनाने की स्वीकृति दी गई थी और अक्टूबर 2021 में इसका संचालन शुरू किया गया जिससे कल्याण डोंबिवली उल्हासनगर अंबरनाथ बदलापुर और आस पास के इलाके के 50 लाख से भी अधिक नागरिकों को पासपोर्ट सेवा का लाभ मिलने का अनुमान है। वर्तमान में इस POPSK की प्रतिदिन पासपोर्ट आवेदन processing क्षमता सिर्फ 40 से 50 आवेदनों की है। विदेश यात्रा करने वालो की संख्या बढ़ने के कारण नए पासपोर्ट और पुराने पासपोर्ट के renewal हेतु माँग बढ़ रही है, लेकिन सीमित कर्मचारी और क्षमता के कारण पासपोर्ट के लिए Appointment लेने के लिए आवेदक को एक महीने तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। POPSK Dombivali में तत्काल passport सुविधा का प्रावधान ना होने के कारण भी नागरिकों को passport मिलने में देरी हो रही है और उन्हें ठाणे या मुंबई तक यात्रा करनी पड़ती है। मेरा सरकार से निवेदन है कि popsk Dombivali की क्षमता बढ़ाने के लिए एक expansion plan निर्धारित किया जाए, जिससे प्रतिदिन processing क्षमता 150 से 200 आवेदन तक हो सके और इसके लिए निर्धारित staff की भर्ती की जाए जिससे लोगों को पासपोर्ट सेवा की सुविधा मिलने और आवेदकों को हो रही परेशानी का निवारण किया जा सके।